आक्रोश

बहोरीबंद थाने में मोबाइल गुमने की शिकायत करने गया था युवक, मारपीट से ग्रामीण आक्रोशित, निलंबन की मांग

थाने में युवक को पुलिस ने पीटा, ग्रामीण ने घेरा थाना

नवभारत, बाकल। जिले के बहोरीबंद थाने में मोबाइल गुमने की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे युवक से पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सोमवार को थाने के बाहर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की मांग की है। बहोरीबंद के कूड़ा घनिया गांव निवासी संतोष पटेल (35) ने बताया कि 9 अगस्त को वह सिंदूरसी गांव स्थित अपने ससुराल गया था, जहां से उसका मोबाइल चोरी हो गया। शिकायत दर्ज कराने के लिए वह रात करीब दो बजे बहोरीबंद थाने पहुंचा। आवाज लगाकर थाने में नाइट

ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को आवाज़ दी गई, लेकिन कोई नहीं उठा। इसके बाद सुबह फरियादी दोबारा थाने पहुंचा। जहां पुलिस कर्मियों ने पीड़ित से गाली-गलौज करते हुए उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरक्षक अजय कुमार और धीरज ने उस पर चोरी का उल्टा आरोप लगाते हुए अपराधियों जैसा व्यवहार किया और डंडों से बेरहमी से पीटा। परिजनों के ने बताया कि पिटाई से संतोष को गंभीर चोटें आईं। पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद में भर्ती कराया गया, जहां हालत बिगड़ने पर जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पीड़ित की पत्नी लक्ष्मी बाई पटेल ने बताया कि उसके पति निर्दोष हैं। वह थाने में न्याय मांगने गए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें ही चोर बताकर पीटा। पीठ और पैरों पर डंडों के निशान साफ हैं। दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाए। शिकायतकर्ता से मारपीट किए जाने की घटना से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा थाने के बाहर धरना प्रदर्शन करने की जानकारी मिलने पर एसडीएम और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया ने कहा कि मारपीट के आरोपों की गंभीरता से जांच की जाएगी और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी। अधिकारियों की काफी समझाइस और कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ। जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि बहोरीबंद पुलिस पर मारपीट के आरोप नए नहीं हैं। हाल ही में एक महिला, उसके पति और एक अन्य युवक ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। ग्राम नीमखेड़ा और वरिष्ठ भाजपा नेता के पुत्र के साथ भी मारपीट के मामले सामने आए थे, लेकिन अब तक किसी भी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई नहीं हुई है।

पुलिया में पानी भरने से दस गांव का संपर्क टूटा

समाधान के लिए ग्रामीणों ने रेल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। एनकेजे क्षेत्र के डीजल शेड के पास स्थित रेलवे पुलिया में बारिश के मौसम में पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के लोगों सहित ग्रामीणों ने रेलवे संरक्षण सुरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सभी सामूहिक उपवास करेंगे और चल रहे निर्माण कार्य को रोक देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि मॉनसून की पहली बारिश ने ही रेलवे पुलिया निर्माण की पोल खोल दी है। शहर की पाठक कॉलोनी, डीजल शेड के पास स्थित रेलवे लाइन के नीचे बनी नई पुलिया में 8

से 10 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे हिरवारा, पिपरिया, गाताखेड़ा, कौड़िया जैसे लगभग दस गांवों का शहर से सीधा संपर्क कट गया है। इस जलभराव के कारण हजारों ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण उदय दुबे ने बताया कि इस पुलिया का निर्माण हाल ही में इरकॉन कंपनी द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य पैदल और साइकिल से चलने वालों को रेलवे ट्रैक पार करने के लिए एक सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराना था। लेकिन, पुलिया में निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बारिश का पानी भरने से, जिससे लोगों के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का सबब बन गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रास्ता दशकों से इन गांवों के लिए जीवनरेखा रहा है। एनकेजे, बजरिया, एसकेपी, तिलक कॉलेज और प्रीमियर फैक्ट्री जैसी जगहों पर जाने वाले छात्रों और कर्मचारियों के लिए यह सबसे छोटा और सुविधाजनक मार्ग था।

एक नजर में

नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढ़ी

नवभारत, कटनी। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 10 अगस्त थी। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति, वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है। इच्छुक छात्र नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। इस फॉर्म को भरकर ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं, या फिर सीधे विद्यालय काउंटर पर भी जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता और अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

जिले के किसानों के खाते में भेजी गई बीमा क्लेम की राशि

नवभारत, कटनी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कटनी जिले के 23 हजार 370 किसानों को तीन करोड़ 84 लाख 23 हजार 848 रूपए की राशि भेजी गई है। किसान कल्याण कृषि विकास के उप संचालक मनीष मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी 2023-24, खरीफ 2024 और रबी 2024-25 के बीमा दावा राशि का भुगतान केंन्द्रीय मंत्री कृषि और किसान कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जिले में रबी 2023-24, खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 के लिए 1 लाख 75 हजार 385 रुपए, 3 करोड़ 82 लाख 3 हजार 693 रूपए, 44 हजार 769 रूपए को मिला कर 3 करोड़ 84 लाख 23 हजार 848 रूपए बीमा दावा राशि का वितरण जिले के किसानों को किया जा रहा है। इससे 23 हजार 370 कृषक आवेदक लाभान्वित हुए है। इस योजना के जरिए किसानों की फसल अगर भारी बारिश या बाढ़ से बर्बाद हो गई है तो उन्हें आर्थिक मदद दी गई है। फसल के लिए जिन किसानों ने बीमा कराया था, फसल को नुकसान होने के बाद क्लेम किया था, उनके खातों में सोमवार को क्षतिपूर्ति राशि भेजी गई है। किसानों को अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा करने के लिए कहा जा रहा है, ताकि अप्रिय स्थिति में उन्हें बीमार क्लेम की राशि से मिल सके।

अभियान के लिए करें पर्याप्त तैयारी, नहीं हो लापरवाही

हर घर तिरंगा अभियान के संचालन के लिए बैठक का आयोजन

नवभारत, कटनी। जिले में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान देश भक्ति को जागृत करने का अभियान है। इस अभियान में समस्त नगरवासियों की बढ़ चढ़कर सहभागिता करने को लेकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। नगर निगम आयुक्त ने अभियान के तहत कैलेंडर अनुसार गतिविधियां आयोजित करने और गतिविधियां आयोजन के पहले सभी आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहा है। महापौर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन और व्यापक जनसहभागिता करने के हर संभव प्रयास किए जाए। तिरंगा यात्राएं,

रैली निकाली जाए। हर घर तिरंगा अभियान को जिले में जन अभियान के रूप में सफल बनाए। तिरंगा रैली के लिए शामिल होने वाले स्कूली बच्चों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शासकीय, अशासकीय भवनों, हर घर पर तिरंगा झंडा लगाए जाएं। साथ ही भवनो पर रात्रि में रोशनी की जाएं। स्कूलों और कॉलेजों में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर शपथ दिलाई जाए। नगरीय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। साथ ही श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान जनप्रतिनिधियों के साथ चलाया जाए। वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान संबंधी गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएं। बैठक में उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

सरकारी स्कूल में लटका रहा ताला, निराश होकर वापस लौटे छात्र

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के खम्हरिया प्राथमिक स्कूल का मामला

नवभारत ढीमरखेड़ा। जिले के जनपद शिक्षा केन्द्र ढीमरखेड़ा मुख्यालय क्षेत्र के प्राथमिक शाला खम्हरिया में छात्र तो निर्धारित समय पर पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां पर अध्यापन कराने के लिए पदस्थ शिक्षक स्कूल के संचालन के समय नहीं पहुंच रहे हैं। स्कूल के गेट में ताला लगे होने से छात्रों को वापस लौटना पड़ रहा है। स्थानीय चंद्रकेश पाल, सुनील पाल, पचोला कुम्हार, रामचरण साहू, छिदामी साहू सहित ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को बाहर खड़ा देखकर ग्रामीणों ने ढीमरखेड़ा शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रभारी बीईओ को फोन के माध्यम से सूचित किया गया। सूचना मिलते ही बीईओ ने तत्काल एक्शन लेकर जनशिक्षा केंद्र पहरूआ के

जनशिक्षक विजय कुमार राठौर को जांच के लिए भेजा। जहां स्कूल में ताला लटकता मिला लेकिन छात्र-छात्राएं नहीं थे उनके द्वारा ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा तैयार किया और बताया गया कि दो बजकर 22 मिनट में प्राथमिक शाला खम्हरिया उपस्थित होकर देखा गया कि स्कूल गेट पर ताला लटक रहा है। जांच पड़ताल करते समय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका रामबाई कोल दो बजकर 32 मिनट पर पहुंची। इसके बाद शिक्षिका आरती पटेल तीन बजकर दो मिनट में शाला पहुंचकर शाला का ताला खोला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय में ऐसा पहले भी हुआ है। ढीमरखेड़ा विकास खंड के ग्राम पंचायत खम्हरिया के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षकों के नहीं आने से मेन गेट का ताला ही नहीं खुला। नियमित समय से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राएं काफी समय तक गेट पर बैठ कर शिक्षकों का इंतजार करते रहे। जब 11 बजे तक कोई अध्यापक नहीं आया, तब बच्चे निराश होकर घर वापस लौट गए। जबकि विद्यालय में पांच अध्यापक हैं। वहीं छात्र छात्रों की तकरीबन संख्या 150 है।

गौरतलब है कि ढीमरखेड़ा ब्लाक के शिक्षकों की मनमानी की कहानी कोई नई नहीं है। आए दिन ग्रामीण अंचलों में अधिकांश शिक्षक समय पर शाला नहीं पहुंचते हैं। जिम्मेदार अधिकारी अचानक स्कूलों की जांच करें तो सच्चाई उजागर हो जाएगी।

वहीं इस मामले में ढीमरखेड़ा जनपद शिक्षा केन्द्र के प्रभारी बीईओ लखन बागरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिसकी जांच के लिए पहरूआ जनशिक्षक को भेजा गया था, रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार कारवाई की जाएगी।

ऑटो चालकों को मेयर ने बांधी राखी, यातायात व्यवस्था में सहयोग का लिया संकल्प

लगातार तीसरे साल रक्षाबंधन पर किया गया आयोजन

नवभारत कटनी। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने समरसता और भाईचारे की अनूठी पहल को जारी रखते हुए नगर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, माधवनगर तांगा स्टैंड में पहुंचकर ऑटो चालक भाइयों को तिलक वंदन कर उनकी कलाई पर राखी बांधकर इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने सभी ऑटो चालक भाइयों से नशा नहीं करने और नगर के निर्धारित स्थलों पर ही अपने आटो वाहन को रोककर

नगर की यातायात व्यवस्था में सहयोग करने का संकल्प भी लिया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के मेहनतकश वर्ग के प्रति सम्मान प्रकट कर सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश फैलाना था। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी सहित आटो यूनियन संघ के अध्यक्ष राज बड़े, बच्चन नायक, विपिन बिलौंहा सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मुख्य रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 5 के पीछे स्थित आटो स्टैंड सहित मेन रेलवे स्टेशन, मुड़वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, माधवनगर तांगा स्टैंड पहुंचकर लगभग एक सैकड़ा से भी अधिक आटो चालक भाईयों के सिर पर रूमाल रखकर माथे में तिलक लगाया और उनकी कलाई में राखी बांधकर मिष्ठान खिलाकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी।

महापौर ने कहा कि ऑटो चालक शहर की जीवन रेखा है, जो दिन-रात यात्रियों की सेवा में तत्पर रहते हैं। राखी बांधकर उन्हें यह संदेश देना चाहती हूं कि समाज उनके त्याग और परिश्रम को मान्यता देता है। इस अवसर पर ऑटो चालकों ने भी इस सम्मान के लिए महापौर के प्रति आभार जताया। रक्षाबंधन पर्व को और भी खास बताया। इस दौरान ऑटो चालक विशाल जायसवाल, संतू गुप्ता, विक्की जायसवाल, विक्रांत जायसवाल, संतोष साहू सहित अन्य की उपस्थिति रही।

प्रजापति ब्रम्हाकुमारी बहनों ने आचार्य को बांधी राखी

ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अध्यात्मिक चेतना केन्द्र का शुभारंभ

नवभारत उमरियापान। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सत्य सनातन वैदिक परंपरा और संस्कृति के संवर्धन के लिए समर्पित अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान ब्रह्माकुमारी आध्यात्मिक चेतना केंद्र की ओर से ब्रह्माकुमारी बहन प्राची दीदी ने विश्व के एकल सर्वश्रेष्ठ अमिट रिकॉर्ड धारक, नमामि जननि सुकर्म यात्रा के संचालक आचार्य डॉ राजा भैया सोनी को सभी बहनों की ओर से रक्षासूत्र बांधा।

इस अवसर पर ग्राम भुड़सा में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आध्यात्मिक चेतना केंद्र का शुभारंभ भी किया गया। केन्द्र के माध्यम से ग्राम

और क्षेत्रीय जन-मानस को संस्थान की ओर से स्वनिर्माण, शांति मय, तनावमुक्त जीवन, ईश्वरीय ज्ञान, राजयोग और जगत कल्याण के लिए संचालित समस्त गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर आत्मकल्याण के लिए प्रेरित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय आध्यात्मिक चेतना केंद्र में विगत दस वर्षों से संलग्न और कार्यरत ग्राम भुड़सा की बेटी सुश्री ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी को केंद्र संचालन का दायित्व सौंपा गया है। जल्द ही पीड़ित मानवता के आत्मकल्याण के लिए लोगों से सघन जनसंपर्क कर ध्यान, योग के माध्यम से आत्मकल्याण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा । मातृभूमि भुड़सा धाम में आध्यात्मिक चेतना केंद्र का शुभारंभ होने से जनमानस में हर्ष व्याप्त है।

सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जरूरी दवा की रहे उपलब्धता

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की बड़वारा विधायक ने की समीक्षा

नवभारत, उमरियापान। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, राजेश व्यौहार ने क्षेत्र के ढीमरखेड़ा, कछार गांव बड़ा, सिलौंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर की नियुक्ति का मुद्दा उठाया है। मंडल अध्यक्ष मनीष

सिंह बागरी ने सिलौंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की नई बिल्डिंग में आवश्यक व्यवस्था कर नई बिल्डिंग में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था करने का मुद्दा उठाया है। जिस पर विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने शासन स्तर से आवश्यक करवाई कर क्षेत्र में डॉक्टर नियुक्त करने प्रभारी मंत्री से चर्चा की है विधायक ने बीएमओ को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवा की उपलब्धता के साथ सभी स्वास्थ्य स्टाफ को आम जनता से अच्छा व्यवहार करने के लिए कहा।

सत्य, धर्म और भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है श्रीमद्भागवत

रीठी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में काफी संख्या में पहुंचे रहे श्रद्धालु

नवभारत रीठी। जिले के रीठी नगर के पटैल मुहल्ला स्थित सीताराम पटैल के निज निवास पर उनके पिता स्वर्गीय मिट्ठू लाल पटैल की बरसी के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा व्यास पंडित पंकज गर्ग ने कथा के दौरान राजा चित्रकेतु की कथा, वृतासुर की कथा, प्रहलाद चरित्र, सूर्यवंश, चंद्रवंश की वंशावली सुनाते हुए भगवान

श्री कृष्ण जन्म की अमृतमयी कथा प्रस्तुत की।

नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों की मधुर गूंज से पूरे कथा परिसर में बैठे सैकडों भक्त भाव विभोर हो उठे। ऐसा लग रहा था कि सभी श्रद्धालू नंदभवन में घट रही उस दिव्य लीला के साक्षी बन गए हों। कथा का प्रारंभ 6 अगस्त से हुआ है और 13 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2बजे से शाम 5 बजे तक नियमित रूप से चल रहा है। इस सात दिवसीय आयोजन में क्षेत्र के अलावा आसपास के गांवों के श्रृद्धालु शामिल हो रहे हैं।

कथा व्यास पंडित पंकज गर्ग ने कहा कि श्रीमद्भागवत सिर्फ पुरातन धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला मार्गदर्शक हैं। इसमें वर्णित कथाएं मनुष्य को सत्य, धर्म के प्रति भक्ति के मार्ग पर चलने कि प्रेरणा देती है। इस अवसर पर महाराज सिंह ठाकुर, राजकुमार शिवहरे, पंडित अर्पित अवस्थी, यजुर्वेदं सिंह राजपूत, संतोष पटैल, मुकेश पटैल, हीरालाल पटैल सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

बैठक

समय-सीमा की बैठक में अपर कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन, हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा

सी और डी श्रेणी वाले विभाग शिकायतों का तत्काल निराकरण कर सुधारें ग्रेडिंग

नवभारत, कटनी। अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन, हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन और स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत निर्धारित सभी घटकों के क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहा कि अभियान के दौरान

प्रभावी गतिविधियां की जाएं। अधिक से अधिक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखलाएं, साइकल रैली, बाइक रैली, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में अधिकतम जनभागीदारी की जाए। आमजन को आसानी से राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराए जाएं। तिरंगा यात्रा के संदर्भ में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से परामर्श लेकर जिले के प्रमुख धार्मिक, सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक मंडलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों, पेंशनर्स, सेवानिवृत्त सैनिकों और समाजसेवियों को भी आवश्यक रूप से जोड़ा जाए। अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के समारोह में शामिल होने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र दिया जाए। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल झिंझरी पुलिस मैदान में आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारियों की जानकारी ली और जरुरी निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने समारोह स्थल पर एंबुलेंस और डाक्टर्स व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को निर्देशित किया । सी एम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सी और डी श्रेणी वाले विभागों को शिकायतों का तत्काल निराकरण कर अपनी ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय भेजने की हिदायत दी गई।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के शरद पांडेय ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्किल इंडिया कंपटीशन की व्यापक जानकारी दी और स्किल इंडिया डिजिटल हब में रजिस्टर्ड करने की प्रक्रियात्मक तरीके बताए। बैठक में सभी एस डी एम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला अधिकारियों की उपस्थिति रही।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
Dr.V.B.Khare
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111